**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 23 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

हिसार में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे आंदोलन को लेकर हरियाणा सरकार द्वारा गठित की गई मंत्रियों और विधायक की समिति ने कल लगातार दूसरे दिन छात्रों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की।शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस को लेकर सरकार संवेदनशील और चिंतित है। उन्होंने मीडिया को बताया कि घटना के तुरंत बाद विश्वविद्यालय से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की गई थी। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने आंदोलनकारी छात्रों से बात की और मांगें मानने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि नलवा से विधायक रणधीर पनिहार भी धरना स्थल पर गए और उनके समक्ष विद्यार्थियों ने जो भी मांगे रखी थी वह पूरी कर दी गई थी। सरकार ने इसके बाद भी संजीदगी दिखाई और तीन कैबिनेट मंत्रियों और एक विधायक सहित प्रशासनिक अधिकारियों की समिति गठित की।शिक्षा मंत्री ने कहा कि समिति ने लगातार दो दिन तक छात्रों से उनकी मांगों के संदर्भ में बात की। कुल आठ मांग रखी गई थी और सभी मांगे मान ली गई।लेकिन जैसे ही छात्र धरने पर अंतिम निर्णय लेने के लिए जाते हैं तो उनका मन बदल जाता है, क्योंकि वहां बैठे विपक्षी दलों के प्रतिनिधि उन्हें धरना हटाने से रोक देते हैं।समिति के सदस्यों ने कहा कि छात्रों की मांगे मान ली गई हैं अब इस समय उनकी मंशा धरने को खत्म करने की होनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि कुलपति को हटाने की मांग पिछले विधानसभा सत्र में उठी थी जो अब विद्यार्थियों के माध्यम से विश्वविद्यालय में उठाई जा रही है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में एक अन्य समिति गठित करने का निर्णय भी लिया गया है और छात्रों से कहा गया कि आगे से वो इस समिति से अपने हितों को लेकर जुड़े रह सकते हैं। इस समिति में आईएएस अधिकारियों के अलावा छात्रों का भी एक

प्रतिनिधि होगा। जांच होने तक यह समिति  विश्वविद्यालय में कार्य करती रहेगी और छात्रों का किसी भी प्रकार का शैक्षणिक नुकसान नहीं होने देगी।

*************************************************************

आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस है। पूर्व मंत्री जगदीश नायर ने होडल में अपने कार्यालय पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी  चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्घाजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे । डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। जिन्होंने राष्टांेरीय एकता एवं अखंड़ता लिए कार्य किया। उन्होंने देश को हमेशा सर्वोपरि रखा। जगदीश नायर ने कहा कि अखण्ड भारत के सपने को आकार देने वाले राष्ट्रवाद के सच्चे महानायक के रूप में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

*************************************************************

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा किऑनलाइन ठगी के मामलों का निपटारा करने में हरियाणा प्रदेश देश भर में अव्वल रहा है।देशभर  में सर्वाधिक साइबर अपराध के मामलेहरियाणा पुलिस ने निपटाए हैं। जींद  मेंपत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शुक्रवार देर सांय  जिला के गांव खरक रामजी में शराब ठेकेदारविरेंद्र की हत्या के मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। और काफी महत्वपूर्ण साक्ष्य  मिले हैं और जल्द ही इस मामले में आगे की कार्यवाहीअमल में लाई जाएगी।  पुलिस महानिदेशक नेस्पष्ट किया कि इस हत्या के पीछे शराब के ठेकों की नीलामी कोई कारण नहीं रहाअपितु  मृतक के खिलाफ भी करीब 10 आपराधिकमामले लंबित थे और उसका भाई भी जेल में है। उन्होंने कहा की जमानत पर आकर अपराधकरने वालों की अदालत से जमानत निरस्त कराई जा रही है।

*************************************************************

हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने फरीदाबाद नगर निगम के जिला नगर आयोजक के कार्यालय में कार्यरत एक ड्राइवर को 1 लाख रुपये की रिश्वत

लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत मवई गांव में एक निर्माण स्थल पर नियोजित तोड़फोड़ की कार्रवाई को रुकवाने के एवज में मांगी गई थी। सूत्रों के अनुसार, पीड़ित ने इसकी शिकायत हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी को दी । शिकायत को सत्यापित करने के बाद आरोपी चालक को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों का मानना है कि इस प्रकरण में कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी संलिप्त हो सकते हैं। इसलिए अब जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है और अधिकारियों की कॉल डिटेल्स, बैंक लेन-देन और अन्य दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।

****************************************************************

भिवानी के रोहतक गेट पर जूस की रेहडी लगानेवाली लड़की रिंकू ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्ट्रेंथ लिफ्टिंग मेंदो स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप हिमाचल प्रदेश केपालमपुर में आयोजित की गई थी , इस प्रतियोगिता में पुराना बस स्टैंड की रहने वाली रिंकू ने 58 किलो वर्गभर में भागलिया था। इसमें उन्होंने जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में ही प्रथम स्थान हासिलकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

****************************************************************

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने MyGov के सहयोग से नागरिकों को एक राष्ट्रव्यापी रचनात्मक चुनौती, 'बदलता भारत मेरा अनुभव' अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 साल के दूरदर्शी नेतृत्व, अभूतपूर्व विकास और परिवर्तनकारी शासन का जश्न मनाना है।

****************************************************************